गुरु श्री गोरक्षनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग का 'पंचम् दीप प्रज्ज्वलन तथा शपथ ग्रहण एवं संकल्प समारोह' पूरे हर्षोल्लास के साथ विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी. गुप्ता मुख्य चिकित्साधिकारी–गोरखपुर, विशिष्ट अतिथि प्रो. यू.पी.सिंह (पूर्व कुलपति पूर्वांचल विश्वविद्यालय) तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.)के.पी.बी. सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सी.एम. सिन्हा रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी एवं गोरखपुर के सांसद योगी आदित्यनाथ जी ने की।

मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी. गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि नर एवं नारायण की सेवा मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। इन शब्दों का पालन करने के लिये आज जो शपथ इन प्रशिक्षुओं ने लिया है उसका पालन आजीवन करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. यू.पी.सिंह ने कहा कि नर्सिंग की शिक्षा एवं कार्य दोनों में सेवा की भावना कूट–कूट कर भरी हुई है। इस कार्य में आजीविका, सेवा तथा सम्मान समान रूप से मिलती है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि व्यक्ति का विकास मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक और शारीरिक हर प्रकार से होना चाहिये, तभी देश एवं मानव जाति का उत्थान सम्भव है। मानवता की सेवा ही जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिये। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उपचारिकाओं की अत्यन्त आवश्यकता है साथ ही चिकित्सा जगत की रीढ़ है जिन्हें देखते हुये वर्ष 2009 में गुरु श्री गोरक्षनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग की स्थापना की गई जिससे कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इनकी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर नर्सिंग को स्नातक की कक्षाएँ भी प्रारम्भ करने की योजना पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार के साथ–साथ धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का भी इस क्षेत्र में और बेहतर प्रयास करना चाहिये। 'गुरू श्री गोरक्षनाथ स्कूल आफ नर्सिंग' उस मानक पर खड़ा उतर रहा है। यह न केवल प्रसन्नता का विषय है अपितु अन्य संस्थाओं के लिये अनुकरणीय भी है। गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) के.पी.बी. सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सी.एम. सिन्हा ने कहा कि हमारे विद्यालय की नर्सिंग छात्राएँ अपना सम्पूर्ण कार्य सच्चाई, निष्ठा एवं लगन के साथ करती हैं और करती रहेंगी। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ परमपूज्य योगी जी ने माँ सरस्वती एवं श्री गोरखनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किये। स्कूल ऑफ नर्सिंग में नव प्रवेशित जी.एन.एम. तथा ए.एन.एम. प्रशिक्षुओं को स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने परिचारिकाओं को शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन जी.एन.एम. अंतिम वर्ष की प्रशिक्षु कु0 देवयानी एवं प्रीति ने किया। आभार ज्ञापन स्कूल की अध्यापिका श्रीमती देवता देवी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिगम्बर अखाड़ा–अयोध्या से महन्त सुरेशदास जी, कालीबाड़ी के महन्त रवीन्द्रदास जी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. घनश्याम सिंह, अरुण कुमार शाही, स्कूल की अध्यापिकाएँ शाइनी, सोनी, मिशा, उषा किरन, अवनि, प्रवीणा, अनूप, मनूलाल, प्रिन्स विसेन्ट, सतीश कुमार सहित स्कूल की छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।